# रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे
वर्ष 13 | अंक 29 | कुल पृष्ठ : 8 | मूल्य - 2 रु.
RNI-NO.MPHIN/2015/64585

इंदौर प्रति मंगलवार, 9 दिसम्बर 2025 से 15 दिसम्बर 2025 तक


# खजुराहो में सीएम डॉ. मोहन यादव की ऐतिहासिक कैबिनेट बैठक शुरू

## महत्त्वपूर्ण अनावरण, विकास योजनाओं की बौछार और लाड़ली बहना सम्मेलन में बड़ी सौगात की तैयारी

रणजीत टाइम्स

आदित्य शर्मा




खजुराहो। मध्य प्रदेश के प्रतिष्ठित पर्यटन स्थल खजुराहो में सोमवार से प्रदेश की राजनीतिक गतिविधियों का केंद्र बेहद खास अंदाज़ में बदल गया, जब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव यहां दो दिवसीय प्रवास पर पहुंचे। उनका आगमन केवल एक औपचारिक यात्रा भर नहीं है, बल्कि यह यात्रा प्रदेश के लिए कई निर्णायक फैसलों की नींव रखने जा रही है, क्योंकि पहली बार मध्य प्रदेश की कैबिनेट भोपाल–इंदौर से बाहर, ऐतिहासिक खजुराहो में बैठ रही है। इससे पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र में विकास की नई उम्मीदें जागी हैं।

मुख्यमंत्री दोपहर में महाराजा छत्रसाल कन्वेंशन सेंटर पहुंचे, जहां उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। इसके तुरंत बाद उन्होंने महाराजा छत्रसाल की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। इस अनावरण को बुंदेलखंड के गौरव और ऐतिहासिक परंपरा को सम्मान देने के कदम के रूप में देखा जा रहा है।

इसके साथ ही सीएम ने बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के विस्तृत मॉडल और सागर–कबरई इकोनॉमिक कॉरिडोर के माइलस्टोन का भी औपचारिक अनावरण किया, जिसके बाद यह स्पष्ट हो गया कि आने वाले वर्षों में यह पूरा क्षेत्र चिकित्सा, सड़क, शिक्षा और उद्योग के क्षेत्र में बड़ा बदलाव देखने वाला है।

दो दिनों तक चलने वाली इस उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री अलग-अलग समय पर आठ विभागों के मंत्रियों के साथ अलग-अलग विभागीय समीक्षा करेंगे। इन बैठकों में विकास परियोजनाओं, लंबित कार्यों और क्षेत्रीय आवश्यकताओं पर विस्तृत चर्चा होने की संभावना है। मुख्य आकर्षण आज मंगलवार दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक होने वाली पूर्ण कैबिनेट बैठक होगी, जिसमें सूत्रों के अनुसार बुंदेलखंड क्षेत्र से जुड़े बड़े फैसले लिए जा सकते हैं। आगामी बजट को ध्यान में रखते हुए कई नई योजनाओं को भी मंजूरी मिलने की संभावना जताई जा रही है, जिनका सीधा लाभ ग्रामीण से लेकर शहरी जनता तक पहुंचेगा। इसी यात्रा के दौरान मंगलवार को खजुराहो में ही बड़े स्तर पर लाड़ली बहना सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव लाड़ली बहना योजना की नई किस्त सीधे लाभार्थी बहनों के खाते में ट्रांसफर करेंगे। यह कार्यक्रम न केवल महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक और बड़ा कदम माना जा रहा है, बल्कि प्रदेश सरकार की संवेदनशीलता और प्राथमिकताओं को भी मजबूती से सामने रखता है।

---

# बाईपास के अर्जुन बड़ौदा और बेस्ट प्राइस के सामने के ब्रिज का निर्माण जनवरी माह के अंत तक होगा पूरा



रणजीत टाइम्स

इंदौर।जल संसाधन मंत्री एवं सांवेर क्षेत्र के विधायक श्री तुलसीराम सिलावट ने आज सांवेर क्षेत्र का सघन भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने बायपास रोड पर निर्माणाधीन अर्जुन–बड़ौदा ब्रिज के कार्यों की प्रगति का स्थल पर पहुँचकर निरीक्षण किया। मंत्री श्री सिलावट ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ब्रिज का निर्माण पूर्ण गुणवत्ता के साथ हर हाल में जनवरी माह के अंत तक पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्य की गति बढ़ाई जाए, 24 घंटे निर्माण कार्य जारी रहे और आवश्यकता अनुसार श्रमिकों की संख्या भी बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि यह ब्रिज यातायात की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। वाहन चालकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसलिए ब्रिज निर्माण पूर्ण होने तक डायवर्सन मार्ग की मरम्मत, पर्याप्त लाइटिंग व्यवस्था तथा सुगम यातायात सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य के बावजूद यातायात बाधित नहीं होना चाहिए।

इसी क्रम में मंत्री श्री सिलावट ने सांवेर विधानसभा क्षेत्र में बेस्ट प्राइस के सामने निर्माणाधीन ब्रिज की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इस ब्रिज को भी जनवरी माह के अंत तक पूर्ण करने के प्रयास किए जाएँ। इस संबंध में उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) के रीजनल अधिकारी श्री श्रवण कुमार सिंह से मोबाइल पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। श्री सिलावट ने कहा कि इन दोनों महत्वपूर्ण ब्रिजों का शीघ्र निर्माण क्षेत्र के नागरिकों, व्यापारियों तथा आम वाहन चालकों के लिए अत्यंत राहत प्रदान करेगा। प्रशासन और निर्माण एजेंसी समन्वय से कार्य कर समय सीमा का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें।

# रामकृष्ण मिशन पीड़ित मानवता की सेवा और आध्यात्मिक चेतना का केन्द्र है - उप मुख्यमंत्री

रणजीत टाइम्स



भोपाल। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रामकृष्ण मिशन के वार्षिक सम्मेलन में कहा कि रामकृष्ण मिशन पीड़ित मानवता की सेवा और आध्यात्मिक चेतना का केन्द्र है। यहां आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होने पर दिव्य आनंद और आध्यात्मिक शांति का अनुभव होता है। मानव का मन जब शांत होता है तभी वह मानव कल्याण कर सकता है। रामकृष्ण मिशन का मानव सेवा का गौरवशाली इतिहास है। स्वामी विवेकानंद ने अमेरिका में शिकागों में आयोजित धर्म सम्मेलन में भारतीय ज्ञान और दर्शन का ध्वज लहराया। उन्होंने भारतीय ज्ञान और दर्शन की पूरी दुनिया पर छाप छोड़ी। स्वामी विवेकानंद द्वारा बनाया गया रामकृष्ण मिशन पीड़ितों की सेवा और आध्यमिक ज्ञान के लिए लगातार कार्य कर रहा है। भारत की आध्यात्मिक चेतना का दुनिया में विशिष्ट स्थान है। वर्तमान समय में हिंसा और युद्ध के समाधान के लिए पूरी दुनिया भारत से आस लगाये है। भारत तेजी से विश्व गुरू बनने की ओर अग्रसर है। देश के विकास में हम सब अपना योगदान दें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रामकृष्ण मिशन द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर हजारों रोगियों का उपचार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने आमजनता की स्वास्थ्य रक्षा के लिए निरोगी काया अभियान शुरू किया है। इस अभियान ने आमजनता को स्वास्थ्य जांच का अधिकार और सुविधा दी है। रामकृष्ण मिशन सदैव निःस्वार्थ सेवा करता है। हमें सिर्फ अपने लिए ही नहीं अपनों के लिए भी जीवन जीना है। असली सुख पीड़ितों की सेवा करने में ही है। कार्यक्रम में स्वामी अक्षयआनंद महाराज ने कहा कि भारतीय आध्यात्मिक जीवन का एक मात्र लक्ष्य जीव सेवा ही ईश्वर सेवा है। हमें प्रत्येक मानव के अंदर ईश्वर को देखना चाहिए। समारोह में रामकृष्ण मठ रीवा के स्वामी नित्यप्रज्ञानंद महाराज, स्वामी कृष्णमृतानंद महाराज ने भी आध्यात्मिक ज्ञान से कार्यक्रम को आलोकित किया। समारोह में संस्थान के मैनेजिंग टॅस्ट रघुवेन्द्रमणि त्रिपाठी तथा डॉ. राजेन्द्रमणि त्रिपाठी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में रीवा संभाग के कमिश्नर श्री बीएस जामोद, प्रो. पी.के. सरकार, डॉ. पीके लखटकिया, डॉ. एन.पी. पाठक तथा बड़ी संख्या में संस्थान से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

# मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में महू से महिला कांग्रेसियों का काफिला पहुंचा भोपाल

**जितेन्द्र वर्मा**

भोपाल। मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सांवेर विधानसभा की दबंग नेत्री रीना बोरासी सेतिया का पदभार ग्रहण कार्यक्रम 3 दिसंबर 2025 को भोपाल इंदिरा भवन कांग्रेस कार्यालय में आयोजित हुआ जिसमें महू से महिला कांग्रेस प्रदेश सह सचिव पूर्व प्रभारी बड़वानी जिला महिला कांग्रेस श्रीमती शिखा अमित अग्रवाल के साथ सैकड़ो की संख्या में महिला कांग्रेस की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने इंदौर पहुंचकर भारतीय राष्ट्रीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती अल्का लांबा के नेतृत्व में निकाली गई इंदौर से भोपाल तक विशाल वाहन रैली में शिरकत की वरिष्ठ कांग्रेस नेता पंडित गोविंद शर्मा ने बताया



कि महू की महिला नेत्रियों जिसमें प्रमुख रूप से प्रेमलता तिवारी, मंजूलता के स जय नेगी श्वेता डिसूजा श्रीमती आशा देवी प्रीति घानेकर सुशीला दीदी शमा खान सुनीता गोयल बड़वानी जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष और आदिवासी महिला संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुभद्रा परमार श्री राजकुमारी यादव धार जिला महिला कांग्रेस के अध्यक्ष एवं धामनोद नगर परिषद की पार्षद श्रीमती चंद्रकला डांगी आदि सैकड़ो महिला कार्यकर्ता एवं युवा एवं वरिष्ठ कांग्रेसियों के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला कांग्रेस अल्का लांबा जी एवं नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष महिला कांग्रेस रीना बोरासी सेतिया जी का जोशीले अंदाज में अभिवादन किया एवं सैकड़ो महिला कांग्रेस कार्यकर्ता वाहनों के साथ रैली में सम्मिलित होकर कार्यक्रम स्थल पहुंचे और शपथ ग्रहण समारोह के साक्षी बने मातृशक्ति के अभूतपूर्व कार्यक्रम में विक्की मल्होत्रा अमित अग्रवाल एवं सचिन राठौर द्वारा वालंटियर के रूप में सेवा प्रदान की गई।

# 'पटरी की पाठशाला'

## विशेष पाठशाला का आयोजन किया गया





**जितेन्द्र वर्मा**

जीआरपी पुलिस द्वारा 'पटरी की पाठशाला' एवं 'हमारी सवारी भरोसे वाली' अभियान के तहत पीठ रोड स्थित जुग्गी-झोपड़ियों में बच्चों के लिए विशेष पाठशाला का आयोजन किया गया। यह पहल पुलिस अधीक्षक रेल पद्म विलोचन शुक्ल के मार्गदर्शन में चल रही है, जिसके अंतर्गत रेलवे ट्रैक के पास बनी बस्तियों, कालोनियों और स्टेशन परिसर के आसपास रहने वाले व काम करने वाले लोगों को सुरक्षा एवं जागरूकता संबंधी शिक्षा दी जा रही है अभियान के दौरान बच्चों को मूलभूत शिक्षा, सुरक्षा नियमों की जानकारी और रेलवे ट्रैक के आसपास सावधानी बरतने के संदेश दिए गए। जीआरपी टीम द्वारा बताया गया कि यह कार्यक्रम लगातार व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा है, ताकि ट्रैक किनारे रहने वाले लोगों में जागरूकता बढ़ाई जा सके और दुर्घटनाओं की रोकथाम हो सके।

# दत्त जयंती पर नवनाथ मंदिर मे हुए धार्मिक कार्यक्रमः हवन-पूजन के साथ मंदिर में हुआ महा भंडारे का आयोजन



**महेन्द्र मालवीय/रणजीत टाईम्स**

बुरहानपुर खकनार के प्राचीन सिद्ध नवनाथ मंदिर पर श्री शके 1947 सावंत 2082 मिति मार्गशीष शुक्ल पुर्णिमा गुरुवार को दत्त जयंती के उपलक्ष्य में विशाल धार्मिक कार्यक्रम और महा भंडारे का आयोजन किया गया ।

नवनाथ मंदिर पुजारी संजय महाराज ने बताया कि आज सुबह दत्त भगवान के प्रतिमा की पूजा-पाठ और महा आरती के बाद 12 से दोपहर पांच बजे तक विशाल भंडारा आयोजित किया गया साथ ही रात्रिकालीन मे दत्त महराज की पालकी दिंडी यात्रा नगर के हर गली मोहल्ले से हर्षोल्लास के साथ निकाली जायेगी क्योंकि देवी-देवताओं में एकमात्र भगवान दत्तात्रेय ऐसे देवता है, जिनमें ब्रह्मा, विष्णु और शिव तीनों का अंश है। ये गुरु और ईश्वर दोनों का स्वरूप माने गए हैं, जिस कारण इन्हें गुरु देवदत्त और परब्रह्म मूर्ति सद्गुरू भी कहा भी जाता है। प्रतिवर्ष हिंदू पंचांग के अनुसार मार्गशीर्ष माह में अगहन माह की पूर्णिमा पर भगवान दत्तात्रेय की जयंती मनाई जाती है जिसमें महाराष्ट्र सहित गुजरात मध्य प्रदेश के भक्ति जैन शामिल होकर बाबा की महाप्रसादी का लाभ उठाते हैं।



रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

इंदौर प्रति मंगलवार, 9 दिसम्बर 2025 से 15 दिसम्बर 2025 तक

# ब्राह्मण महिला के सम्मान में दलित आए मैदान में दलित नेता मनोज परमार ने राजश्री अपोलो हॉस्पिटल का किया घेराव

## डॉक्टर की कथित लापरवाही से ब्राह्मण महिला की मौत

**आदित्य शर्मा**

इंदौर। राजश्री अपोलो हॉस्पिटल में इलाज के दौरान हुई कथित लापरवाही से एक महिला की मौत के बाद बुधवार को अस्पताल में हंगामा हो गया। मृतका कृष्णा बाई पति राकेश जी शर्मा 56 वर्ष निवासी मुसाखेड़ी ब्लॉकेज के कारण राजश्री अपोलो हॉस्पिटल में डॉ. क्षितिज दुबे की देखरेख में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि इलाज में गंभीर लापरवाही बरती गई, जिसके चलते 4/11/25 की सुबह उनकी मृत्यु हो गई। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि इलाज के दौरान डॉक्टरों और स्टाफ का व्यवहार बेहद अभद्र रहा तथा कई बार मरीज के परिजनों के साथ दुर्व्यवहार किया गया, जिससे परिवारजन आहत और नाराज़ हैं। ओर तो ओर डॉ क्षितिज दुबे द्वारा मृतका पुत्र व्योम शर्मा को हॉस्पिटल से धक्का देकर निकाला गया। पीड़ित परिवार ने दलित नेता



मनोज परमार से संपर्क कर उपरोक्त घटना की जानकारी दी।

घटना की सूचना मिलते ही अखिल भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दलित नेता मनोज परमार अस्पताल पहुंचे और हॉस्पिटल का घेराव प्रदर्शन कर कड़ी कार्रवाई की मांग की। परमार ने हॉस्पिटल प्रबंधक एवं पुलिस अधिकारियों से कहा कि डॉ. क्षितिज दुबे पर मुकदमा दर्ज कर पीड़ित परिवार को उचित आर्थिक मुआवजा दिया जाए, ताकि न्याय मिल सके। दलित नेता साथी कार्यकर्ताओं को लेकर थाना विजय नगर पहुंचे और थाना प्रभारी मीना बोरासी को डॉ क्षितिज दुबे के खिलाफ आवेदन दिया, साथ ही कड़ी कार्यवाही की मांग की, उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उचित कार्रवाई नहीं की गई तो संपूर्ण दलित समाज सड़क पर उतरकर चक्काजाम और उग्र आंदोलन करेगा। घटना के बाद अस्पताल परिसर में तनाव का माहौल बना हुआ है। मामले की जांच जारी है। इसी दौरान अस्पताल प्रबंधन ने मृतक परिवार द्वारा जमा किया गया पूर्ण पैसा वापस पीड़ित परिवार को दे दिया गया। आंदोलन प्रदर्शन में मुख्य रूप से दिनेश हिरवे, पवन भावसार, दिनेश कुलपारे, शैलेन्द्र जायसवाल, उदय यादव, आनन्द नायक, रवि सोलंकी, भारत बिल्लौरे, सन्नी तिवारी, राज परमार, गौरव वानखेडे, विवेक राय, सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ब्रह्म ज्ञान की प्राप्ति का सहज मार्ग हैं सहजयोग



"ब्रह्म आत्मा एक है, सत्चित आनन्द रूप।
कह टेऊँ ज्ञानी जिसे, जानत निज स्वरूप।।"

**ब्रह्म और आत्मा एक ही हैं, जो सत् , चित् और आनंद स्वरूप है, और ज्ञानी व्यक्ति ही अपने इस वास्तविक स्वरूप (आत्मा) को जानते हैं कि वे स्वयं वही ब्रह्म हैं, जो सभी दुखों से परे है और जिससे हर वस्तु उत्पन्न होती है।**

ब्रह्म और आत्मा एक है। परम सत्ता (ब्रह्म) और व्यक्तिगत आत्मा (आत्मा) अलग-अलग नहीं, बल्कि एक ही हैं, जैसा कि अद्वैत वेदांत सिखाता है। सत्-चित्-आनंद रूप, ब्रह्म का स्वरूप तीन गुणों से युक्त है- सत्- शाश्वत, अविनाशी अस्तित्व, चित्- पूर्ण चेतना या ज्ञान आनंद- परमानंद या असीम सुख ज्ञानी पुरुष ही इस बात को कहते या जानते हैं। वे अपने वास्तविक, दिव्य स्वरूप को पहचानते हैं कि वे स्वयं ब्रह्म हैं, शरीर या मन नहीं। यह दोहा भी आत्म-साक्षात्कार (Self-realization) की बात करता है, जहाँ साधक को यह बोध होता है कि वह कोई सीमित जीव नहीं, बल्कि वही एक, शाश्वत और आनंदमय ब्रह्म है, जिससे यह सारा ब्रह्मांड बना है। यह ज्ञान अज्ञानता को मिटाकर व्यक्ति को परम मुक्ति दिलाता है, जैसा कि उपनिषद और वेदांत में बताया गया है। तो आइये परमात्मा के उस असीम प्रेम,आशीर्वाद और ज्ञान को प्राप्त करने के लिए इस मूल शक्ति को सृष्टि के मूल उस ब्रह्म से मिलाने के लिये आज ही सहजयोग से जुड़ें। श्री माताजी प्रणित सहजयोग कुंडलिनी जागरण द्वारा आत्मसाक्षात्कार प्राप्ति की सहज ध्यान पद्धति है। सहजयोग के माध्यम से विश्व भर में लाखों लोग आध्यात्मिक व व्यक्तिगत उत्थान को प्राप्त कर रहे हैं। इस अनमोल अनुभव का आनंद प्राप्त करने के लिए और अपनी आत्मा का योग परमात्मा से घटित करने के लिए चलिये सहज योग से जुड़ते हैं, सहजयोग पूर्णतया व सदैव निशुल्क है। आप अपने आत्म साक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं।

# थाना करैरा पुलिस नावालिग से बलात्कार के आरोपी को किया गिरफ्तार



**दीपक परमार**

करैरा। पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिह राठौर के द्वारा महिला संवंधी अपराघ मे शीघ्र गिरफ्तारी अभियान के तहत जीरो टालरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये उक्त निर्देश के पालन मे SDOP करैरा आयुष जाखङ के कुशल मार्गदर्शन में करैरा पुलिस द्वारा दिनांक 04.11.2025 को अपर्हता वालिका को दस्तयाव किया अपर्हता वालिका के कथन के आधार पर अपराध क्रमांक 762/25 मे धारा 64(2)(एम),5 एल/6 पाक्सो अधिनियम का इजाफा किया गया। आज दिनांक 04/12/25 को मुखविर की सूचना पर से आरोपी नरेन्द्र रावत पुत्र हाकिम रावत उम्र 31 साल निवासी ग्राम डोंगरपुर चौकी मगरौनी थाना नरवर जिला शिवपुरी को ग्राम डोंगरपुर से विधिवत गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। इस कार्रवाई मे थाना प्रभारी करैरा निरी0 विनोद छावई ,चौकी प्रभारी उनि चेतन शर्मा, उनि अँजली सिह, आर0लवकेश यादव,आर0 रविन्द्र कुमार की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# श्री शांतिनाथ भगवान के लीड्स गार्डन सिटी में नूतन जिनालय की घोषणा



**राजेश धाकड़**

महालक्ष्मी श्री संघ में आयोजित भव्य चतुर्विध धर्मसभा में तीन आचार्यों—प. पू. श्रीमद विजय पद्मभूषण रत्न सुरीश्वरजी म.सा.,श्रीमद विजय जिनसुंदर सुरीश्वरजी म.सा.,श्रीमद विजय धर्मबोधि सुरीश्वरजी म.सा.तथा पन्यास प्रवर श्री तत्वरुचि विजयजी म.सा., पन्यास श्री ऋषभरत्न विजयजी म.सा., कुल ठाणा 18 एवं साध्वीश्री भक्ति रेखाश्रीजी म.सा. कुल ठाणा 3 की पावन उपस्थिति में दिव्य धर्मवर्षा हुई। इस पवित्र अवसर का पुण्यलाभ जयन्ती श्री श्रीमाल के निवास पर समस्त महालक्ष्मी श्री संघ को प्राप्त हुआ। धर्मसभा में प.पू. साधु भगवंतों ने प्रेरणा देते हुए कहा कि "आज धर्म प्रेम बढ़ रहा है परंतु प्रेम धर्म कम होता जा रहा है। परिवारों में आपसी प्रेम ही वास्तविक सुख का माध्यम है। जब मनुष्य प्रेम धर्म अपनाता है, तभी वास्तविक धर्म प्रेम स्वतः प्राप्त हो जाता है।" सभा में लीड्स गार्डन सिटी, बड़ा बांगड़दा में श्री शांतिनाथ भगवान के नूतन जिनालय स्थापना की रूपरेखा भी प्रस्तुत की गई, जिसे उपस्थित सभी धर्मानुरागियों ने हर्षपूर्वक स्वीकार किया।

## धर्मसभा में विशेष रूप से उपस्थित

श्री जयन्ती श्री श्रीमाल श्री शैलेन्द्र सुराना समर्पण ग्रुप के श्री विनोद जैन श्री भगवतीलाल भाटेवरा (महालक्ष्मी नगर जैन संघ)श्री रवीन्द्रपोखरना लीड्स गार्डन सिटी के श्री आलीशजी जैन,सहित अनेक धर्म साधकगण।

# परमात्मा के साम्राज्य में प्रवेश के अधिकारी बनें सहजयोग से

हम अपने जीवन में प्रमुख रूप से तीन तरह के मनुष्यों को देखते हैं। पहले वे जो हमेशा दूसरों की शिकायत ही करते रहते हैं वे अहंकार से ग्रसित होते हैं और दूसरों को दबाने का प्रयास करते हैं। दूसरे प्रकार के लोग मानो हमेशा दुखी रहने के लिए ही जीवित रहते हैं, कोई भी चीज उन्हें खुश नहीं कर सकती है। तीसरे वे लोग होते हैं जो अनुकूल या प्रतिकूल हर स्थिति में प्रसन्न रहते हैं, जो कुछ भी उन्हें उपलब्ध होता है, उसी में संतुष्ट रहते हैं। इस संसार को इन तीनों परिस्थितियों ने ही ढक रखा है और लोग उन्हीं परिस्थितियों के चश्मे से संसार और संसार के रचयिता को देखा भी करते हैं। तीसरी तरह के जो लोग हैं वे सहज योगियों जैसे हैं, हर हाल में खुश।

वास्तव में यह संसार निराकार परमात्मा का ही साकार रूप है। यह दुनिया अदृश्य सत्ता की काया और अबोल का बोल है। जैसे नदी को पार करने के लिए जल में उतरना पड़ता है। वैसे ही सांसारिक परिस्थितियों की सरिता को पार करने के लिए उसमें उतरना पड़ता है और पार उतरने की युक्ति जानने के लिए गुरु के पास जाना पड़ता है। गुरु से ही परिस्थितियों की ओट में छिपी वास्तविकता का बोध होता है। साकार समस्याओं के



मूल में अवस्थित अरूप परमात्मा का साक्षात्कार होता है। जो मनुष्य गुरु कृपा से प्राप्त युक्ति का इस्तेमाल करता है, वह इस किनारे से उस किनारे तक की यात्रा को सुरक्षित रूप से पार करने में सफल होता है। भवसागर को पार करने का आनंद तैराक योगी को ही मिलता है। नाव में बैठे सामान्य मनुष्य भी श्रद्धा और भक्ति मार्ग का सहारा ले सांसारिक समस्याओं के भोगते होते हुए भी उसे पार करने में सफल हो जाते हैं। पर, जीवन का आनंद कहीं गुम हो जाता है। यदि ऐसा हुआ तो जीवन का उद्देश्य ही अधूरा रह जायेगा। हमारे जीने का अर्थ ही नहीं रह जायेगा। सहज योग माध्यम से आत्मसाक्षात्कार प्राप्त कर हम जीने का अर्थ पाते हैं। भक्ति और उपासना से ज्यादा महत्वपूर्ण है अपने को पाना। जीवन तभी सफल है ना जब हम अपने परमपिता परमेश्वर से जुडते हैं। 29 अक्टूबर 2000 के अपने एक प्रवचन में श्री माताजी ने हमें समझाने का प्रयास किया है, "श्रद्धा का अर्थ केवल प्रार्थना करना नहीं है, यह मात्र विश्वास करना ही नहीं है, अपितु श्रद्धा वह है, जिसके कारण आप अपनी भक्ति व समर्पण से मिली उपलब्धियों का आनंद अपने हृदय में लेते हैं। इसे ही श्रद्धा कहना चाहिए।" इस अनुठी ध्यान पद्धति से जुडने हेतु व आत्मसाक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं। सहज योग पूर्णतया निशुल्क है।

# असली पुलिस के नकली थाना की सच्चाई क्या रोहन जाटव को मिलेगा न्याय?

## 30/10/2025 के आवेदन पर आज दिनांक तक नहीं हुई कार्यवाही या प्रशासन के आल्हा अधिकारियों द्वारा दवा दी जाएगी रोहन जाटव के न्याय की उम्मीद

**खुशबू श्रीवास्तव**







फरियादी रोहन जाटव




इन्दौर के ग्रामीण क्षेत्र के खुड़ैल थाने का मामला सामने आया है जहां पीड़ित रोहन जाटव ने बताया कि वह अपने अन्य दोस्तों के साथ पार्टी करने जा रहा था जहां उसने देव गुराडिया ब्रिच के पास देशी विदेशी मदिरा दुकान से 9 देशी क्वार्टर लिए थे जिसका पेमेंट भी उसके द्वारा आनलाइन क्या गया था लेकिन हुआ कुछ यूं की जैसे ही वह अपने पार्टी स्थल की और बड़ा वैसे ही कुछ दुर पर ही खुड़ैल थाना के दो पुलिसकर्मी द्वारा उसे रोका गया और चैकिंग कर उसे प्राइवेट थाने ले गए जहां शुरू हुआ डर का खेल उसे झूठे शराब कैस में बंद करने की धमकी देते हुए नकली रजिस्टर पर कार्रवाई करना शुरू किया उसके बाद उसे डन्डे पाइप से पिटाई की गई यह सब कर उसमें डर का खौफ होते ही फिर असल मुद्दे की हुई बात जिसके लिए खुला है यह नकली थाना रोहन की भाई को फोन करके बुलाया गया जहां कुछ लेन देन के बात रोहन जाटव को छोड़ दिया गया। यह मुद्दा भारतीय मुद्रा रूपए जिसके कारण इस गरीब निर्दोष के साथ की गई थी ज्यादती उक्त मामले की शिकायत वरिष्ठ अधिकारियों की गई तो वह से भी गोपनीयता भगं की गई आवेदक के आवेदन देने के कुछ वक्त बाद कार्यालय से आवेदनकर्ता का नाम, पता, नम्बर, सभी अनावेदक को पहुंचा दिया आवेदनकर्ता पर आवेदन वापस लेने का दबाव बनाने का खेल शुरू हो गया उसके घर पर के आसपास वह पुलिसकर्मी घुमने लगें जिनकी शिकायत उसने की थी उसे फोन करके शिकायत वापस लेने का दबाव भी बनाया जा रहा है हमारे संवाददाता द्वारा उक्त घटना स्थल का सर्वे किया तो कहीं चौंकाने वाली जानकारी सामने आई जैसे देव गुराडिया नाके पर पुलिस चौकी बनी हुई है उस पर पुलिस सहायता बोर्ड भी लगा है लेकिन उस पर हमेशा ताला लगा रहता है रहवासियों ने बताया यह चौकी तो बंद ही रहतीं हैं सुंदर बनी चौकी को बंद कर खडंर भवन मै बीना बोर्ड लगाए चौकी बना कर लेन देन करने का कार्य हो रहा है।

# इन्दौर ट्रैफिक पुलिस का वृहद "यातायात जागरूकता अभियान"

आदित्य शर्मा

नवम्बर माह में 41 सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। ट्रैफिक की पाठशाला, ट्रैफिक प्रहरी अभियान, नुक्कड़ नाटक, डिजिटल रथ, पीए सिस्टम से लाखो लोग हुए जागरूक पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में एवं अति. पुलिस आयुक्त (अपराध/मुख्यालय) श्री आरके सिंह तथा डीसीपी (जोन4/यातायात) श्री आनंद कलादगी के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा सुगम, सुरक्षित यातायात के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। यातायात पुलिस द्वारा शहरवासियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु नवंबर माह में व्यापक जागरूकता अभियान संचालित किया गया। इस दौरान शहर के प्रमुख क्षेत्रों, संस्थानों, शैक्षणिक परिसरों और चौराहों पर लगातार कार्यक्रम आयोजित कर नागरिकों को सड़क सुरक्षा की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

41 जागरूकता कार्यक्रम- 12,875 प्रत्यक्ष लाभार्थी नवंबर माह में यातायात पुलिस द्वारा कुल 41 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें प्रत्यक्ष रूप से 12,875 नागरिकों ने हिस्सा लिया। इन कार्यक्रमों में ट्रैफिक नियमों की जानकारी, सुरक्षित ड्राइविंग, वाहन संचालन के दौरान सावधानियां, हेलमेट/सीट बेल्ट का महत्व, हेलमेट वितरण और बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी वर्गों को सड़क सुरक्षा का संदेश दिया गय

ट्रैफिक प्रहरी अभियान – 2,000 नागरिक जुड़े

यातायात पुलिस के ट्रैफिक प्रहरी अभियान को नागरिकों का व्यापक सहयोग मिला। लगभग 2,000 नागरिकों ने इस अभियान से जुड़कर सक्रिय रूप से सड़क सुरक्षा का संदेश आगे बढ़ाया और चौराहो पर यातायात अनुशासन बनाए रखने में सहयोग देते हुए अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी दर्ज की। स्वंय पुलिस कमिश्नर महोदय द्वारा सड़क सुरक्षा में सराहनीय कार्य करने के लिए प्रहरियों को "उत्कृष्ट ट्रैफिक प्रहरी" सम्मान से प्रति मंगलवार सम्मानित किया जा रहा है।

## डिजिटल रथ – वीडियो प्रेजेंटेशन से लाखो लोग हुए जागरूक

शहर में पिछले 20 दिनों से डिजिटल ट्रैफिक जागरूकता रथ भी संचालित किए जा रहे हैं। यह रथ बाईपास, रिंग रोड, मुख्य चौराहों तथा ब्लैक स्पॉट पॉइंट्स पर पहुंचकर वीडियो प्रेजेंटेशन, सड़क सुरक्षा गीत और एनिमेटेड शॉर्ट क्लिप्स, पम्पलेट के माध्यम से लाखो लोगों को जागरूक कर रहे हैं। हजारों नागरिकों ने इस पहल को सराहा और इसे सड़क सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम बताया।

## ट्रैफिक की पाठशाला – स्कूल और कॉलेजों में जागरूकता

यातायात पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'ट्रैफिक की पाठशाला' कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों, एवं शैक्षणिक संस्थानों में स्वंय पुलिस कमिश्नर महोदय, पुलिस उपायुक्त यातायात व वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों की गंभीरता से अवगत कराया जा








रहा है। उन्हें हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरस्पीडिंग, मोबाइल ड्राइविंग, पैदल यातायात नियमों सहित अनेक विषयों पर समझाइश दी जा रही है।

## बाल ट्रैफिक प्रहरी – बचपन से ही सड़क सुरक्षा की शिक्षा

बाल ट्रैफिक प्रहरी अभियान के अंतर्गत नन्हे बच्चों को ट्रैफिक पार्क का भ्रमण करवाया गया, जहाँ उन्हें खेल-खेल में सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई। इस प्रयास का उद्देश्य बचपन से ही सुरक्षित यातायात की आदत विकसित करना है।

पब्लिक एनाउंसमेन्ट सिस्टम - से जागरूकता

शहर में आईटीएमएस कैमरा से संचालित चौराहा पर लगे पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम के माध्यम से समय-समय पर यातायात नियमों, दिशा निर्देशों के संबंध में संदेश प्रसारित किये जा रहे हैं ताकि रेड सिग्नल में खड़े हुए वाहन चालक उन संदेशों को सुने व सुरक्षा नियमों का पालन करें।

संगठनों/ संस्थाओं- के साथ बैठक

वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समय-समय पर बस-ट्रक ट्रांसपोर्टर/ऑपरेटर एसोसिएशन के साथ बैठक, मैरिज गार्डन संचालको, मुख्य बाजारों के व्यापारी संगठनों के साथ बैठक, स्कूल बस संचालको, स्कूल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक, फ़ूड डिलेवरी कम्पनियों के मैनेजमेंट के साथ बैठक, विभिन्न विभागों जे साथ बैठक आयोजित कर सुगम, सुरक्षित यातायात के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है।

## नागरिकों की सहभागिता – अभियान को मिला जनसमर्थन

इंदौर ट्रैफिक पुलिस द्वारा चलाए जा रहे इस विशेष अभियान में इंदौर के नागरिक उत्साहपूर्वक भागीदारी निभा रहे हैं। प्रेस/इलेक्ट्रॉनिक मीडिया बन्धु, सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर, संस्थाए, नागरिकों ने न केवल कार्यक्रमों में हिस्सा लिया बल्कि अपने परिवार, पड़ोस तथा समाज में भी सड़क सुरक्षा का संदेश प्रसारित करने में अहम भूमिका निभाई। इंदौर ट्रैफिक पुलिस शहर के प्रत्येक नागरिक से अपील करती है कि वे सुरक्षा नियमों का पालन कर स्वयं सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखें। आपका सहयोग ही सुरक्षित इंदौर की दिशा में हमारा सबसे बड़ा कदम है।



# मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अंतर्गत गीता जयंती महोत्सव का आयोजन भव्य रूप से धार के पीजी कॉलेज सभागार में किया गया

दिलीप पाटीदार

धार। मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अंतर्गत गीता जयंती महोत्सव का आयोजन भव्य रूप में धार के पीजी कालेज सभागार में किया गया। कार्यक्रम के अतिथि देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के पूर्व विभागाध्यक्ष डा. पीएन मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सरदार सिंह मेड़ा, अपर कलेक्टर श्री संजीव केशव पांडे, समाजसेवी श्री विश्वास पांडे तथा जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष पं. छोटू शास्त्री थे। मप्र शासन के संस्कृति विभाग द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। आयोजन का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के चित्र एवं श्रीमद्भगवद्गीता का पूजन कर किया गया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में डा. पीएन मिश्रा ने गीता में निहित प्रबंधन के सूत्रों के बारे में व्याख्या करते हुए लोगों को समझाया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता




के अध्ययन से जीवन के हर क्षेत्र में प्रबंधन की जानकारी मिलती है। निष्काम कर्म करने की प्रेरणा प्रदान करता है। श्रीमद्भगवद्गीता का अध्ययन आज के हर वर्ग और हर आयु वर्ग के लिए प्रेरणादायी एवं मार्गदर्शक है। जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष पं छोटू शास्त्री द्वारा गीता की वर्तमान प्रासंगिकता के संदर्भों पर विचार व्यक्त किए गए। इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत विश्व गीता प्रतिष्ठान के संयोजक पं. संतोष पांडे और विश्व गीता प्रतिष्ठान के कार्यक्रम प्रभारी व परशुराम कल्याण बोर्ड के पं. अशोक मनोहर जोशी ने किया।

### नृत्य-नाटिका रही आकृषण् का केंद्र

इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण के जीवन पर आधारित चित्रकला प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसका विद्यार्थियों और सभागार में उपस्थित सभी लोगों ने अवलोकन किया और सराहा। आयोजन का मुख्य आकर्षण नूपुर कला केंद्र की नृत्य-नाटिका रही, जिसमें श्रीकृष्ण की दो रानियों-सत्यभामा और रुक्मणी-से जुड़े प्रसंगों को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के नोडल अधिकारी श्री प्रवीण शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में ब्राह्मणों द्वारा गीता के 15वें अध्याय का स-स्वर पाठ किया गया, जिसे सभागार में उपस्थित गणमान्य लोगों ने भावपूर्वक दोहराया।

# ज्ञान जनित वाद-विवाद से परे स्वयं को जानने की कला है सहजयोग

बूझ सरीखी बात हैं, कहन सरीखी नाहि,
जेते ज्ञानी देखिये, तेते संसै माहि।

उपरोक्त वर्णित दोहे में संत कबीर कहते हैं कि, आत्मसाक्षात्कार, स्व-स्वरूप की बात तो समझने तथा अनुभव करने की है, यह वादविवाद का विषय नहीं है। वाद विवाद करने वाले जितने वाचिक ज्ञानी हैं वे सब संशय में पड़ जाते हैं।

प. पू. श्री माताजी, प्रणित सहजयोग ध्यान एक साक्षात अनुभव है, जिसे अपने सूक्ष्म तंत्र पर जाना जा सकता है। साधारणतः जब हम ध्यान करने बैठते हैं और अपनी आंखें बंद करते हैं तो बहुत सारे विचार अपने मानसपटल पर आने लगते हैं । हम पांच मिनट के लिये भी अपनी आंखें बंद करके शांत नही बैठ सकते, अपने-आप का सामना नही कर सकते। एक क्षण के लिये भी हम हमारे विचारों से छुटकारा नहीं पा सकते। बैचने हो जाते हैं और अपने मन को कहीं न कहीं उलझाते रहते हैं, विचारों का निषेध करने की कोशिश करते हैं। पंरतु यह स्थिति ध्यान नहीं है और ऐसे में हम निर्विचार अवस्था का अनुभव कभी भी कर ही नहीं सकते। अपने - आपसे एक प्रश्न पूछें क्या मैं एक क्षण के लिये भी शांत या निर्विचार रह सकता हूं ? अगर आपका उत्तर नकारात्मक है तो सहजयोग ध्यान आपके लिए सहायक हो सकता है। सहजयोग ध्यान सीखने के लिये आपको अपनी इच्छाशक्ति और जिज्ञासा जागृत कर अपना आत्मसाक्षात्कार मांगना होगा। सहजयोग में साधक को सूक्ष्म तंत्र के बारे में बताया जाता है तत्पश्चात सूक्ष्मशरीर में मे स्थित इड़ा-पिंगला नाड़ी का संतुलन कर मध्य नाड़ी सुषुम्णा द्वारा सहस्त्रार चक्र पर ध्यान केन्द्रित करने की कला सिखायी जाती है। श्रीमाताजी कहते हैं हमारा सहजयोग, "आधि कळस मग पाया इस न्याय से चलता है ध्यान करने आये साधक को सर्वप्रथम निर्विचार अवस्था प्राप्त होती है और इसके बाद आत्मपरीक्षण से साधक चित्त शुद्धी कर अपने आपको स्वच्छ और दुर्गुणों से दूर रखता है। श्रीमाताजी कहते हैं, सहजयोग एक अनुभूतिजन्य योग है । इस योग में आपको उस ज्ञान की साक्षात् अनुभूति होती है । जिसे वर्णित करने के लिये सभी धर्मग्रंथों ने उपमाओं व दृष्टांतों की झड़ी लगा दी है वह आत्मज्ञान, निर्विचारिता, व निरानंद सहजयोग में आत्मसाक्षात्कार प्राप्ति के साथ सहज में ही प्राप्त हो जाता है। अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं। सहजयोग पूर्णतया निःशुल्क है।



# मध्य प्रदेश में पत्रकारों पर हमला करने वाले दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) ने 28 नवंबर, 2025 को पत्रकारों के साथ हुई बदसलूकी और बेरहमी से मारपीट में शामिल दोषियों के खिलाफ सख्त और तुरंत कार्रवाई की मांग की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मध्य प्रदेश के इंदौर में शुक्रवार (28 नवंबर, 2025) को RTO ऑफिस में कथित भ्रष्टाचार की रिपोर्टिंग करते समय दो पत्रकारों की पिटाई की गई। पुलिस ने कहा कि इस मामले में सात लोगों पर केस दर्ज किया गया है। एक नेशनल न्यूज चैनल के रिपोर्टर हेमंत शर्मा और चैनल के कैमरापर्सन राजा खान पर इंदौर के नायता मुंडला में RTO परिसर में कुछ लोगों ने हमला किया।

नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) इस बेरहमी से हुए हमले की कड़ी निंदा करता है और अधिकारियों से तुरंत और निष्पक्ष जांच शुरू करने का आग्रह करता है ताकि यह पक्का हो सके कि दोषियों को बिना देर किए सज़ा मिले। नेशनल यूनियन ऑफ़ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) के प्रेसिडेंट रास बिहारी ने मध्य प्रदेश में पत्रकारों पर हुए हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि डेमोक्रेसी में मीडिया को असली तस्वीर दिखाने की आजादी और जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मीडिया वालों पर हमलों के मामले प्रेस काउंसिल ऑफ़ इंडिया के सामने भी उठाए जाएंगे।

सेक्रेटरी जनरल प्रदीप तिवारी ने कहा कि मीडिया वालों पर किसी भी तरह का हमला बर्दाश्त नहीं किया जा सकता, और NUJ(I) इस घटना की कड़ी निंदा करता है। राज्य में ऐसे हमलों की बढ़ती संख्या पर गहरी चिंता जताते हुए, NUJ(I) प्रेसिडेंट ने कहा कि पत्रकारों पर हर दिन हमले हो रहे हैं, जो किसी भी हालत में मंजूर नहीं है।

नेशनल यूनियन ऑफ़ जर्नलिस्ट्स (इंडिया)

## दिल्ली से उपलब्धि हासिल कर महू लौटने पर देवा का हरि फाटक पर भव्य स्वागत किया गया

**जितेन्द्र वर्मा**

महू के मोहन टॉकीज क्षेत्र में रहने वाले देवा अशोक वर्मा ने दिल्ली में आयोजित नेशनल मसल मेनिया इंडिया 2025 चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर शहर का नाम रोशन किया है। देवा ने मॉडल फिटनेस कैटेगरी में दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि मेंस फिजिक्स स्पर्धा में पांचवां स्थान हासिल किया। अपनी इस सफलता पर देवा ने बताया कि इस मुकाम तक पहुंचने में उनके कोच मोहम्मद दानिश खान का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिन्होंने उन्हें जीतोड़ मेहनत कर तैयार किया। साथ ही उन्होंने अपने माता-पिता के सहयोग और आशीर्वाद को भी अपनी सफलता का आधार बताया। दिल्ली से उपलब्धि हासिल कर महू लौटने पर देवा का हरि फाटक पर भव्य स्वागत किया गया। उनके परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों ने ढोल–नगाड़ों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान समर्थकों ने फूल-मालाओं से देवा का अभिनंदन किया और उनकी उपलब्धि पर बधाइयां दीं। देवा अशोक वर्मा की इस सफलता से पूरे महू क्षेत्र में खुशी का माहौल है। शहरवासियों और खेल प्रेमियों ने उनकी मेहनत और लगन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## अनिका शर्मा के लिए जीवनदायिनी अपील इंदौर से लेकर पूरे देश तक सहायता का आग्रह






इंदौर। शहर की मासूम बेटी अनिका शर्मा गंभीर बीमारी से जूझ रही है और उसके इलाज के लिए लगभग 9 करोड़ रुपये के जीवन रक्षक इंजेक्शन की आवश्यकता है। यह इंजेक्शन उसके जीवन को बचाने की उम्मीद बनकर सामने आया है, परंतु इसकी भारी लागत साधारण परिवार की पहुँच से बाहर है। इसी संवेदनशील क्षण में, एसथेटिक इंटरनेशनल ब्यूटी एजुकेटर सावी उपाध्याय ने आगे बढ़कर इंदौर सहित मध्यप्रदेश के हर जिले और देश के सभी राज्यों के नागरिकों से भावनात्मक अपील की है।

उन्होंने कहा कि-"अनिका सिर्फ एक बच्ची नहीं, बल्कि हर परिवार की बेटी है। हम सभी मिलकर यदि छोटा-सा योगदान भी दें तो उसकी जिंदगी में बड़ी उम्मीद का प्रकाश जगा सकते हैं। मेरी सभी से विनम्र प्रार्थना है कि इस पीड़ित परिवार की मदद के लिए आगे आएं और मानवता की मिसाल पेश करें।" सावी उपाध्याय ने समाजसेवी संगठनों, कॉर्पोरेट घरानों, चैरिटेबल ट्रस्ट, सामाजिक कार्यकर्ताओं सहित आम नागरिकों से निवेदन किया है कि वे अनिका के इलाज में आर्थिक सहयोग प्रदान करें ताकि समय पर इलाज संभव हो सके। उन्होंने मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म और सामाजिक नेटवर्क के माध्यम से इस अभियान को आगे बढ़ाने की भी बात कही, ताकि अधिक से अधिक लोग इस पुनीत कार्य से जुड़ सकें।

## सशक्त पत्रकार समिति के राष्ट्रीय पत्रकार महासम्मेलन में मध्य प्रदेश मीडिया संघ की सहभागिता, प्रदेश अध्यक्ष ने दिया लिखित सहमति पत्र

**महेन्द्र मालवीय/ रणजीत टाईम्स**



बुरहानपुर। सशक्त पत्रकार समिति द्वारा आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तरीय पत्रकार महासम्मेलन "नेशनल मीडिया मीट" को लेकर तैयारियाँ तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में मध्य प्रदेश मीडिया संघ के प्रदेश अध्यक्ष जयवंत ठाकरे रविवार को बुरहानपुर पहुंचे, जहां उन्होंने नेशनल मीडिया मीट में व्यक्तिगत रूप से तथा अपने संगठन की ओर से पूर्ण सहभागिता निभाने हेतु लिखित सहमति पत्र सशक्त पत्रकार समिति के प्रदेश अध्यक्ष उमेश जंगाले को सौंपा। ठाकरे ने मौखिक रूप से भी घोषणा की कि वे स्वयं और उनकी समर्पित टीम तन-मन-धन, आर्थिक एवं शारीरिक रूप से इस भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि नेशनल मीडिया मीट स्वतंत्र पत्रकारिता को मजबूत करने का महत्वपूर्ण मंच है, और मध्य प्रदेश मीडिया संघ पूरी प्रतिबद्धता के साथ सहयोग करेगा। वहीं उमेश जंगाले ने बताया कि मध्य प्रदेश के बड़े संगठनो का इस आयोजन में शामिल होना हर्ष और गौरव का विषय है। इससे कार्यक्रम के बेहद सफल होने की उम्मीद और भी प्रबल हो गई है। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्षजयवंत ठाकरे ने सशक्त पत्रकार समिति द्वारा पूर्व में आयोजित स्टेट मीडिया मीट की सफलता के लिए समिति के वरिष्ठ पदाधिकारियों का प्रशंसा पत्र भेंट कर पुष्पमाला से सम्मान किया। सम्मानित होने वालों में प्रमुख रूप से - प्रदेश मार्गदर्शक संजयसिंह शिंदे, प्रदेश वरिष्ठ संरक्षक नितिन इंगले, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश जाधव, प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण केलदे, प्रदेश महासचिव गोपाल सावनेर, प्रदेश महामंत्री संतोष चौधरी, प्रदेश महामंत्री रविंद्र इंगले, इंदौर संभाग महामंत्री तौकीर आलम , जिला सहसचिव रिफत अंसारी, और जिला कोषाध्यक्ष भगवानदास शाह उपस्थित रहे।इस दौरान उपस्थित पत्रकारों ने भी जयवंत ठाकरे का पुष्पमाला पहनाकर गरिमा के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया।


# जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा !
अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स

दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888


## किसान आंदोलन ज्ञापन के बाद हुआ स्थगित, नाराज किसान समझाइश के बाद हटे

**रणजीत सिंह ठाकुर**



खरगोन। राऊ खलघाट फोरलेन पर राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ मालवा निमाड़ के आव्हान पर 1 दिसंबर को सुबह से अपनी मांगों को लेकर चल रहे धरना प्रदर्शन को देर रात जिला प्रशासन को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंप कर कलेक्टर के आश्वासन के बाद धरने को स्थगित किया गया। हालांकि संगठन के आंदोलन स्थगित करने से कुछ किसान नाराज हो गए और सड़क पर बैठे रहे जिसे पुलिस द्वारा समझाइश देकर देर रात यातायात को सुचारू रूप से चालू किया गया। धार जिला कलेक्टर ने आंदोलन स्थगित के बाद किसानों को धन्यवाद दिया और आश्वासन दिया हैं कि जल्द ही किसानों के प्रतिनिधि मंडल को दिल्ली भेज कर केंद्र सरकार के सामने उनकी मांगे राखी जाएगी। आंदोलन स्थगित करने के बाद नाराज किसानों को खुद एसपी ने समझाइश देकर राष्ट्रीय राजमार्ग को सुचारू रूप से चालू करवाया गया हैं। एसपी मयंक अवस्थी ने बताया कि, पूरे दिन हुए घटनाओं की जांच की जाएगी और वीडियो फोटोज देखने के बाद शिकायत के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।फिलहाल आंदोलनकारियों द्वारा आंदोल को स्थगित कर दिया गया हैं और नाराज किसानों को समझाइश देकर यातायात सुचारू रूप से चालू करवाया गया हैं।

### इनका कहना है

राष्ट्रीय किसान संघ मालवा निमाड़ के आह्वान पर किसानों के द्वारा जो धरना प्रदर्शन जारी था वो रात को स्थगित हो गया है, किसान भाईयों की जो मांगे केंद्र सरकार से थी उन मांगों से संबंधित ज्ञापन किसानों ने सौंपा है माननीय मुख्यमंत्री जी ने किसानों की हर समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए है किसान समझाइश के बाद धरना स्थगित कर अपने अपने गंतव्य को लौट गए हैं।

प्रियंक मिश्र कलेक्टर धार

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार
इंदौर प्रति मंगलवार, 9 दिसम्बर 2025 से 15 दिसम्बर 2025 तक



# देवास एसपी पुनीत गेहलोत जी का सम्मानपूर्ण संदेश

## रणजीत टाइम्स के 10 सफल वर्ष पूरे होने पर बधाई



देवास जिले के पुलिस अधीक्षक श्री पुनीत गेहलोत जी से सौहार्दपूर्ण मुलाकात के दौरान उन्होंने रणजीत टाइम्स की 10 वर्षों की सफलता पर हार्दिक बधाई दी और हमारी निष्पक्ष एवं जनहितकारी पत्रकारिता की खुलकर प्रशंसा की।

उन्होंने कहा: "मीडिया समाज का दर्पण है, और रणजीत टाइम्स ने अपनी ईमानदार व बेबाक पत्रकारिता से एक मजबूत पहचान बनाई है।" प्रधान संपादक श्री गोपाल गावंडे जी के प्रयासों और सक्रिय भूमिका की सराहना करते हुए एसपी गेहलोत जी ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से आमंत्रण भी प्रदान किया। प्रशासन एवं मीडिया का मजबूत सहयोग समाज के समग्र विकास में महत्वपूर्ण है-.यही संदेश इस मुलाकात का सार रहा।

# महू वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, मलेंडी जंगल से 7 संदिग्ध गिरफ्तार



महू। वन विभाग की टीम ने मलेंडी के जंगल में तांत्रिक क्रियाओं के उद्देश्य से पहुंचे 7 लोगों को घेराबंदी कर पकड़ने में सफलता हासिल की है। कार्रवाई के दौरान आरोपियों के पास से एक देशी कट्टा, तलवार और जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। वन विभाग को जंगल क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिली थी, जिसके बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पूछताछ में सामने आया कि सभी आरोपी तांत्रिक क्रियाओं के लिए जंगल में एकत्रित हुए थे। हथियार मिलने के बाद मामले को गंभीर मानते हुए तुरंत संबंधित थाने को सूचना दी गई।




# देवास एसडीएम आनंद मालवीय ने रंजीत टाइम्स के 10 वर्ष पूर्ण होने पर दी हार्दिक बधाई

देवास। रंजीत टाइम्स के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर देवास एसडीएम श्री आनंद मालवीय ने प्रकाशन परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि एक दशक की यात्रा किसी भी संस्थान के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि होती है, और रंजीत टाइम्स ने इस अवधि में पत्रकारिता क्षेत्र में अपनी पहचान सशक्त रूप से स्थापित की है। एसडीएम मालवीय ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, और रंजीत टाइम्स ने जिम्मेदार और निष्पक्ष पत्रकारिता के माध्यम से समाज को जागरूक करने में सराहनीय योगदान दिया है। उन्होंने संस्थान के प्रधान संपादक, संपादकीय टीम, रिपोर्टर्स और सभी



सहयोगियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने यह भी कहा कि 10 वर्षों की यह यात्रा निरंतरता, विश्वास और जनहित की भावना का परिणाम है। आगे भी पत्रिका और चैनल अपनी निष्पक्षता, संवेदनशीलता और जनहित के दृष्टिकोण को बनाए रखते हुए नई ऊंचाइयों को प्राप्त करें, यही शुभकामना है। रंजीत टाइम्स परिवार ने एसडीएम श्री आनंद मालवीय के शुभ संदेश को धन्यवाद देते हुए आश्वस्त किया कि वे समाज और राष्ट्रहित में सशक्त और सकारात्मक पत्रकारिता के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

# अन्नपूर्णा क्षेत्र के एसीपी शिवेंदु जोशी द्वारा रणजीत टाइम्स को बधाई



इंदौर। अन्नपूर्णा क्षेत्र के सहायक पुलिस आयुक्त (ACP) श्री शिवेंदु जोशी ने रणजीत टाइम्स के निरंतर पत्रकारिता कार्य और सामाजिक सरोकारों पर केंद्रित रिपोर्टिंग की सराहना की। उन्होंने रणजीत टाइम्स के प्रधान संपादक श्री गोपाल गावंडे जी को फ़ोन पर शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए कहा कि मीडिया समाज का आईना है, और रणजीत टाइम्स ने जनहित, सत्य एवं निष्पक्षता को हमेशा प्राथमिकता देते हुए उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। एसीपी जोशी ने उम्मीद जताई कि आगे भी रणजीत टाइम्स इसी तरह जिम्मेदार पत्रकारिता के साथ शहर व प्रदेश के महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाता रहेगा तथा समाजहित में सार्थक भूमिका निभाता रहेगा। उन्होंने पूरी संपादकीय टीम को शुभकामनाएँ देते हुए भविष्य में और अधिक बेहतर कार्य की कामना व्यक्त की।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित
संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा )